दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका   संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916   सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 324 | छतरपुर, मंगलवार 25 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# पूर्व विधायक-संत विवाद के बाद गर्माया अटकलों का बाजार

## क्या बचा पाएंगे संत सीताराम दास जी बेशकीमती पेड़ और बुंदेलखंड की धरोहर ...?

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कांग्रेस के पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी एवं धजरई पीठ के संत सीताराम दास के बीच हुए विवाद के बाद लोगों में कई प्रकार की अटकलें लगाई जाने लगी हैं। कुछ लोग जहां सारे मामले को राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं, तो कुछ इस पूर्व नियोजित घटना बताने में लगे हैं। वहीं संत समर्थक और बीजेपी नेता दबंगों द्वारा संत जी पर अत्याचार और अन्याय बता कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस सारे मामले की सच्चाई सामने लाने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर है। अब देखना यह है कि पुलिस अपने दायित्वों को कहां तक पूरा कर पाती है। विवाद का कारण जो भी रहा हो, लेकिन पेड़ों की अंधाधुंद कटाई को रोकने के पक्ष में आवाम नजर आ रहा है। यह कोई नहीं चाहता कि पेड़ों की धुंआधार कटाई हो। इस कटाई को रोकने की चिंता आम लोगों में भी दिखाई दे रही है। पर्यावरण जानकारों की मानें तो बुंदेलखंड का टीकमगढ़ जिला पहले की बहुत नुकसान झेल चुका है। यहां के घने जंगल अब मैदान में तब्दील हो चुके हैं। जो जंगल बचे हैं, उन्हें प्रशासन और दबंगों द्वारा निजी हितों को देखते हुए काटने के प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा और सुरक्षा के दावे करने वाले लोग इस मामले में जहां चुप्पी साधे हुए हैं, तो वहीं अन्य इलाकों में हुई पेड़ों की कटाई की अनदेखी करने में लगे हैं। बरसात में जहां पौधारोपण की औपचारिकताएं की जाने वाली हैं, वहीं बड़े-बड़े पैड़ों की अंधाधुंध कटाई का सिलसिला जिले में जारी बना हुआ है। यहां बता दें कि इसके पूर्व गौंगाबेर मंदिर के पास, महाविद्यालय टीकमगढ़ एवं हायर सेकेन्डरी, कुंडेश्वर मार्ग सहित अन्य इलाकों के विशाल पेड़ों को काटा चुका है। दोषियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई न होने से जंगल माफियाओं के हौसले बुंलद बने हुए हैं। इन दिनों बैदपुर खदान को लेकर हुए विवाद के बाद पर्यावरण का मुद्दा गर्माया हुआ है। आश्चर्य की बात तो यह है कि विवाद को लेकर चर्चाएं तो की जा रही हैं, लेकिन जिले में पर्यावरण को होने वाली क्षति पर ध्यान कम ही दिया जा रहा है। बताया गया है कि बैदपुर गांव में खजुराहो मिनरल्स के लिए स्वीकृत पायरोफ्लिाइट डायस्पोर की खदान विवादों में घिर गई है। 12.50 हेक्टेयर में वन विभाग की पहाड़ी पर यह खदान स्वीकृत हुई है। पहाड़ी पर 25 हजार से अधिक पेड़ हैं। वन विभाग के अधिकारी जिन पेड़ों को झाड़ बताकर काट रहे हैं। वह वन विभाग की गाइड लाइन के अनुसार पेड़ ही हैं। सूत्रों की मानें तो 2 मीटर से ऊंचा पेड़ है, तो उसे काटने के लिए वन विभाग की अनुमति लेना पड़ती है, लेकिन यहां छोटे-छोटे पेड़ों को गिनती में नहीं लिया जा रहा है। कंपनी ने पहाड़ी पर कई स्थानों पर खुदाई करवाकर मटेरियल की जांच भी करवाना शुरू कर दी है। जानकारों की मानें तो शुरुआत में 8 फीट चौड़ी डायस्पोर की पर्त दिख रही है। वहीं, खनिज निरीक्षक प्रशांत तिवारी की मानें तो खदान स्वीकृति निरस्त होना संभव नहीं है, क्योंकि 1 महीने पहले उस जमीन की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। पेड़ों की कटाई का भुगतान भी हो चुका है।



**महंत करेंगे सत्याग्रह-**

पहाड़ी पर पेड़ों को बचाने धजरई मंदिर में महंत सीताराम दास महाराज को साधु संतों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और लीज निरस्त नहीं की गई, तो सत्याग्रह शुरू करूंगा। महाराज जी द्वारा जिस तरह से जिले की खदानों को निरस्त करने और पेड़ों की कटाई को रोकने के मामले में आक्रोश दिखाया है, उसे देखकर तो यही लगता है कि महंत जी पर्यावरण की इस लड़ाई को आगे ले जाने वाले हैं। यदि जिला स्तर पर यह आंदोलन पहुंचा, तो ग्राम नंदनवारा, खेरा, कारी, अस्तौन, मवई, सुधासागर, मामौन, बल्देवगढ़ आहार पुलिया, बड़ागांव धसान सहित अनेक स्थानों के पहाड़ों की रक्षा की जा सकेगी। जिले में पर्यावरण प्रदूषण बहुत बढ़ा संकट है, इसे दूर करने के लिए बढ़े पैमाने पर आंदोलन के आसार नजर आने लगे हैं।

# डकैती की योजना बना रहे तीन बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार, तीन फरार

हरपालपुर। थाना पुलिस ने बीती रात हरपालपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के ग्राम भदर्रा की पहाड़ी के नीचे 6-7 बदमाश इकट्ठे हैं जो हथियार से लैस होकर आधी रात में भदर्रा या किसी अन्य जगह डकैती जैसी जघन्य वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। हरपालपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बदमाशों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना पुलिस ने तीन टीम बनाकर मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना हुई। पुलिस ने बताए गए स्थान को घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया चूंकि उस जगह पर अंधेरा था इसलिए अंधेरे का लाभ उठाकर तीन आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए। थाना पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे नगर में बीते रोज हुई घटनाओं को लेकर पूछताछ शुरू करने के साथ ही फरार हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

टीआई राकेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश थाना क्षेत्र के भदर्रा गॉव की पहाड़ी पर एकत्रित होकर भदर्रा गॉव किसी के यहाँ डकैती की योजना का तानाबाना बुन रहे हैं। मुखबिर से सूचना मिलते ही टीआई साहू तीन टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और मुखबिर द्वारा बताए गए पहाड़ी को चारों ओर से घेराबंदी कर बदमाशों को घेर लिया। पुलिस से घिरा देख तीन बदमाश रात के अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकले।

***कट्टा, तलवार व अन्य हथियारों से थे लैस***

पुलिस ने घेराबंदी कर तीन बदमाश रोहित राजपूत पिता प्रकाश राजपूत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम इटौरा थाना मझगांव जिला हमीरपुर उ.प्र., कपिल सेन पिता संतोष सेन निवासी उम्र 20 वर्ष निवासी बुड़ौरा थाना पनवाड़ी जिला महोबा उ.प्र. व आशू राजपूत पिता सिद्धगोपाल राजपूत निवासी कुल्हेड़ा थाना मझगुवां के कब्जे से एक 315 बोर देशी कट्टा, एक मोटोरोला कम्पनी का स्काई ब्लू रंग का मोबाइल, एक लोहे की तलवार, रियल मी कम्पनी का नीले रंग का मोबाइल, एक लोहे की सब्बल एक एप्पल कम्पनी की लोगो बना सफेद आइफोन एवं काले रंग की बिना नम्बर की अपाचे बाइक भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि मौके से शिवेन्द्र राजपूत निवासी इटौरा, शिवम राजपूत कुल्हेड़ा व अमित राजपूत निवासी परा खेड़ा उत्तर प्रदेश फरार हुए हैं। पकड़े गए बदमाशो ने भदर्रा गॉव में किसी के यहाँ डकैती डालने की योजना बनाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने तीनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो ये शातिर बदमाश हैं और इनके खिलाफ कई आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही हैं पुलिस ने गिरफ्तार किए गए बदमाशों से पूछताछ करने के उपरांत सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहाँ उन्हें जेल भेज दिया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी



राकेश साहू, एसआई अरविंद यादव, एएसआई केएल दहिया, हरिनारायण अनुरागी, प्रधान आरक्षक हृदेश सिंह, सुरेंद्र यादव, आरक्षक संदीप यादव, रंधौर, कन्हैया, हरिप्रकाश गर्ग, मनोज जाटव, दिनेश कुमार कुशवाहा आरक्षक पुष्पेन्द्र अहिरवार का सराहनीय योगदान रहा।

## संपादकीय

# बालश्रम का संकट

मध्यप्रदेश के रायसेन जनपद में बाल श्रमिकों की बदहाली उजागर होना समाज में गरीबी-मजबूरी की नंगी सच्चाई बयां करता है। यह घटना एक खतरे की घंटी है कि जिन लोगों पर बच्चों के शोषण रोकने की जिम्मेदारी थी, वे निहित स्वार्थों के लिये कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं। कुछ सप्ताह पूर्व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यानी एनसीपीसीआर की टीम ने रायसेन की एक शराब फैक्टरी में भयावह स्थितियों में 19 लड़कियों समेत 58 नाबालिगों को काम करते हुए पकड़ा। इन बच्चों में से कई रासायनिक पदार्थों से प्रभावित भी हुए हैं। विडंबना देखिए कि इस छापे में बचाये गए 39 नाबालिग श्रमिक बाद में लापता हो गए। एनसीपीसीआर के अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ बाल श्रम का ही मामला नहीं है बल्कि यह मानव तस्करी से भी जुड़ा है। कुछ बच्चे अन्य राज्यों से लाए गए हैं। इस मामले में जवाबदेही में घोर लापरवाही और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा तमाम नियामक संस्थाएं भी सवालों के घेरे में हैं। जिन्होंने फैक्टरी मालिकों से मिलीभगत करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की। इस गंभीर मामले में ढिलाई कई सवालों को जन्म देती है। जिसका निष्कर्ष है कि बाल श्रम उन्मूलन राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं रहा है। यही वजह है कि कानून के तहत कार्रवाई होती नजर नहीं आई। जिसके चलते बाल श्रमिकों का शोषण लगातार जारी रहा।

नोबेल पुरस्कार विजेता और देश में बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी लंबे समय से भारत में बाल शोषण के खिलाफ मुहिम चलाते रहे हैं। उनकी संस्था बचपन बचाओ आंदोलन और सहयोगी संगठनों की मदद से जोखिम वाले उद्योगों, कालीन उद्योग व ईंट-भट्ठों से लाखों बच्चों को बचाया जा सका। लेकिन तंत्र की काहिली से संकट को जड़ से समाप्त नहीं किया जा सका। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, विश्व भर में 16 करोड़ से अधिक बच्चे विषम परिस्थितियों में बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। भारत में यह संख्या श्रमिकों का ग्यारह प्रतिशत बतायी जाती है। दरअसल, कोविड-19 के संकट ने बच्चों के शोषण को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाया है। मां-बाप को काम न मिलने की स्थिति में बच्चों का स्कूल छूटा और वे कम उम्र में श्रमिक बनकर विभिन्न उद्योगों में काम कर रहे हैं। दरअसल, कोरोना संकट के बाद मानव तस्करी के मामलों में विश्वव्यापी वृद्धि देखी गई है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इस संकट ने गरीबी की दलदल में धकेला है। घर की आय पर आए संकट ने बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल छोड़ने को मजबूर किया। जिसने बाल श्रम को बढ़ावा दिया। दरअसल, बालश्रम व मानव तस्करी एक संगठित अपराध के रूप में बच्चों पर संकट की वजह बना हुआ है। रायसेन का मामला अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जरूरत बताता है। हमें इस दिशा में गंभीर कोशिश करनी होगी तथा बच्चों के पुनर्वास के लिये प्रयास करने होंगे। ये समाज, फैक्टरी मालिकों व सरकार की नैतिक जिम्मेदारी भी है।

# केएमयू के कुलाधिपति को लीजेंड ऑफ यूपी के अवार्ड से किया गया सम्मानित

## फ्री शिक्षा, फ्री चिकित्सा ही मेरा लक्ष्य: किशन चौधरी




**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज मथुरा। एक न्यूज चैनल का सलाना कॉनक्लेव ''लीजेंड ऑफ यूपी'' का आयोजन किया। इस समारोह में केएम विश्वविद्यालय के चांसलर किशन चौधरी को लीजेंड ऑफ यूपी के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, सांसद हेमा मालिनी, केन्द्रीय मंत्री एसपी बघेल, कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य सहित कई धर्मगुरू शामिल हुए।

विदित रहे कि न्यूज चैनल ऽलीजेंड ऑफ उत्तर प्रदेशऽ के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मथुरा और उससे आगे उत्कृष्ट लोगों के बीच गर्व और एकता की भावना को प्रेरित करना है, जिससे उत्तर प्रदेश को एक राज्य बनाने में उनकी भूमिका को मजबूत किया जा सके। इसी को लेकर वृंदावन के रूक्मिणी बिहार स्थित एक होटल में लीजेंड आफ उत्तर प्रदेश का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केबिनेट मंत्री, केन्द्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद ने किया। इसके बाद सम्मान समारोह में मथुरा की प्रमुख हस्तियां, जिनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया, उपस्थित रहे। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी को चैनल द्वारा लीजेंड ऑफ उत्तर प्रदेश अवार्ड से सम्मानित किया गया।

चैनल पर चर्चा के दौरान कुलाधिपति से उत्तर प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास, मथुरा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उनके विश्वविद्यालय-हॉस्पिटल से संबंधित चर्चा की गई। शिक्षा को लेकर साक्षी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि 2002 शिक्षा के क्षेत्र में इंटर कॉलेज खोलकर कदम रखा था। हमारे शहरी क्षेत्र में विश्वविद्यालय बहुत थे लेकिन देहात में नहीं थे, ग्रामीण क्षेत्र की बहिन-बेटियां एवं भाइयों को दूरी के साथ आर्थिक संकट भी था, जिसे दृष्टिगत रखते हुए केएम विवि की नींव रखी गई, जिससे हमारे यहां की बहिन बेटियां एवं भाई शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन सकें, अब बिना पढ़े मेरे क्षेत्र की कोई भी बहिन, बेटी व भाई अशिक्षित न रहे।

मेडिकल कॉलेज के एक प्रश्न का जबाव देते हुए उन्होंने कहा कि मैं जनता हूं कि दवाइयों में पैसा बहुत खर्च होता है, निम्न आर्थिक स्थिति के परिवार ज्यादा नहीं खर्च कर सकते, इसलिए हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। अब मेरा प्रयास है कि मेरे ब्रज में कोई बीमार और अनपढ़ न रहे।


नि:शुल्क इलाज के लिए पूरे जनपद में 20 बसें प्रतिदिन मरीजों को नि:शुल्क लेकर आती है, उन्हें उपचार के बाद उनके गतंव्य छोड़ने जाती है। इसी प्रकार से मथुरा के दर्जनों वृद्ध आश्रम मेरे द्वारा गोद लिए हुए हैं, जिनका पूरा खर्च वो स्वयं वहन करते हैं। मेरा मानना है कि आने वाले पांच वर्षों में मेरा विश्वविद्यालय प्रदेश में नम्बर वन पॉजिशन पर होगा क्योंकि मैं और मेरी पूरी टीम मेहनत कर रही है, उन्होंने आगे बताया कि पूरे जनपद के ग्रामीण अंचलों में ओपीडी खोली गई हैं, जिनमें एमबीबीएस और पीजी डाक्टर्स लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। नीट परीक्षा, नई शिक्षा नीति और यूथ पर उन्होंने अपनी बेबाक राय रखी। कार्यक्रम में इस दौरान केएम विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह भी चांसलर के साथ मौजूद रहे।

# फिल्म सरफिरा का गाना 'मार उड़ी' हुआ रिलीज़

**जय सिंह रघुवंशी**

परिहार गर्जना न्यूज। ( मुंबई ) अपनी आगामी फिल्म सरफिरा के ट्रेलर रिलीज़ के बाद जंगली म्यूजिक और फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला ट्रैक मार उड़ी किया रिलीज।

यह सिर्फ एक गाना नहीं है बल्कि उन सभी के लिए है जो सपने देखने और उसे पूरा करने की हिम्मत रखते हैं। यदु कृष्णन, सुगंध शेकर, हेस्टन रोड्रिग्स और अभिजीत राव द्वारा स्वरबद्ध किया गया है और मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा लिखित, मार उड़ी साहस की भावना का प्रतिक है। जी.वी. प्रकाश कुमार की जबरदस्त कम्पोजीशन के साथ यह गाना सभी के फ़ेवरिट लिस्ट में अपनी जगह बना लेगा।



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित, सरफिरा एक मनोरंजक कहानी है जो स्टार्ट-अप और विमानन की दुनिया पर प्रकाश डालती है। सच्ची कहानियों और कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित यह फिल्म धैर्य और दृढ़ता की एक जबरदस्त तस्वीर पेश करती है। अक्षय कुमार वीर जगन्नाथ म्हात्रे की भूमिका निभा रहे हैं, जो ग्रामीण महाराष्ट्र का एक दूरदर्शी व्यक्ति है जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। परेश रावल, राधिक्का मदान और सीमा बिस्वास इस फिल्म में अहम् भूमिका निभा रहे हैं। जी.वी प्रकाश अपनी इनोवेटिव म्यूजिक कम्पोजीशन के बारे में कहते हैं कि, सरफिरा के लिए म्यूजिक देना वास्तव में बहुत ही शानदार अनुभव रहा है। मार उड़ी एक ऐसा ट्रैक है जो फिल्म के दिल और आत्मा को दर्शाता है - यह उभरने के बारे में है चुनौतियों से ऊपर और खुद पर विश्वास करते हुए हम दर्शकों को यह गीत महसूस करने के लिए उत्साहित हैं।

गीतकार मनोज मुन्तशिर शुक्ल कहते हैं कि, मार उड़ी के लिए गीत लिखना अपने आप में एक यात्रा थी। गाने के बोल बड़े सपने देखने के जज्बे को और सारी बाधाओं पर विजय पाने की अदम्य भावना को दर्शाती है, जो सरफिरा का सार है। मुझे उम्मीद है कि श्रोताओं को गीत में उतनी ही प्रेरणा मिलेगी जितनी मुझे इसे लिखने में मिली थी। मार उड़ी सरफिरा के सार को पूरी तरह से व्यक्त करता है। दिलों को धड़का देनेवाले और सशक्त बोल आम आदमी को उड़ान भरने की दिशा में वीर की निरंतर यात्रा को दर्शाते हैं। यह उन लोगों के लिए एक ट्रिब्यूट है जो उड़ान भरने का साहस करते हैं, उन लोगों के लिए जो कई बाधाएं होने के बावजूद अपने सपनों में विश्वास करते हैं। वीर की कहानी की तरह, मार उड़ी हर किसी को उड़ान भरने, चुनौतियों से ऊपर उठने और साहस और दृढ़ विश्वास के साथ ऊंची उड़ान भरने के लिए प्रोत्साहित करती है।

सुधा और शालिनी उषादेवी द्वारा लिखित, पूजा तोलानी के डायलॉग और जी.वी. प्रकाश कुमार म्यूजिक के साथ, सरफिरा का निर्माण अरुणा भाटिया (केप ऑफ गुड फिल्म्स), साउथ सुपरस्टार सूर्या और ज्योतिका (2डी एंटरटेनमेंट) और विक्रम मल्होत्रा (Abundantia Entertainment) द्वारा किया गया है। 12 जुलाई को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज़ की जाएगी।

# घर घर जाकर पिलाई पल्स पोलियों की दवा

**तुलसीदा सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। 23 से 25 जून तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के तहत दुसरे दिन राजनगर ब्लाक के उप स्वास्थ केंद्र उदयपुरा के अंतर्गत उदयपुरा, केशीरीपुरा ,गोरा,ललगुआ में पल्स पोलियो की 0 से5 साल तक के बच्चो को घर घर जाकर दवाई पिलाई गई इस मौके पर सीएचओ रितिका ठाकुर, एएनएम साधना विश्वकर्मा, पर्यवेक्षक राम मिलन शुक्ला ने सभी जगह पल्स पोलियो अभियान का जायजा लिया इस मौके पर आशा सपना साहू, मीरा साहू , कमला साहू, सोमवती कुश वहा रेखा दीक्षित अपने अपने कार्य स्थल पर उपस्थित रही।



# सीनियर छात्रों पर हॉस्टल में घुसकर हथियारों से हमला



परिहार गर्जना न्यूज। सागर. डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के विवेकानंद छात्रावास में शनिवार-रविवार रात करीब ढाई बजे हथियारों से लैस छात्रों ने दो सीनियर्स खेमचंद कुशवाहा व संजू सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। 15 से 20 छात्र सीनियर्स के रूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान कोई बीच-बचाव करने आए इसको लेकर पहले ही हॉस्टल के अन्य रूम बाहर से बंद कर दिए थे। हमले में दो छात्रों के सिर फटे हैं। घटना के बाद छात्रावास के अन्य छात्र घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां बीएमसी में उनका इलाज चल रहा है। वारदात के बाद पूरे छात्रावास में जहां-तहां खून फैला हुआ है, तो छात्रों के रूम में टूटा-फूटा सामान बिखरा पड़ा है। मामले में पुलिस ने पांच छात्रों पर मारपीट व बलवा की धाराओं के तहत एफआइआर दर्ज की है।

मारपीट करने वाले छात्रों ने घायलों की मदद करने वालों को भी धमकी दी और पूरी रात हथियार लेकर हॉस्टल के गेट पर बैठे रहे। आरोपियों की धमकी से छात्र इतनी दहशत में थे कि वे वापस हॉस्टल जाने की दम नहीं जुटा सके, करीब 20 से 25 छात्र पूरी रात शहर में यहां-वहां भटकते रहे। इसके बाद वे सुबह करीब 8 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, लेकिन रविवार के कारण कार्यालय बंद था। सुबह पुलिस सक्रिय होने के बाद छात्र वापस हॉस्टल पहुंच सके। उन्हें डर था कि कहीं हथियारों से लैस बैठे हॉस्टल के गुंडे उनके साथ भी मारपीट न कर दें। भटक रहे छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ सिविल लाइन थाना पुलिस से भी मदद मांगी, लेकिन सुबह तक उन्हें किसी प्रकार की सहायता नहीं मिली। यही कारण था कि छात्र एकजुट होकर सुबह आठ बजे ही एसपी कार्यालय के बाहर पहुंच गए थे।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल खेमचंद पुत्र जगजीवन कुशवाहा 23 साल निवासी जालोन उत्तरप्रदेश हाल निवासी विवेकानंद हॉस्टल रूम नंबर-155 की शिकायत पर जिन पांच लोगों पर एफआइआर दर्ज हुई है, उसमें नंदराम यादव, आदित्य यादव, शिवांश बघेल, ध्रुव शर्मा व कुलदीप यादव के नाम शामिल हैं।

***-छात्र बोले मारपीट में 15 से ज्यादा छात्र थे***

घायलों के साथी छात्रों का कहना है कि मारपीट करने वालों में 15 से 20 छात्र शामिल थे, लेकिन पुलिस ने मात्र पांच के नाम एफआइआर में लिखे हैं। छात्रों का आरोप है कि वारदात में चार वह छात्र भी शामिल थे जो अवैध रूप से हॉस्टल में रह रहे हैं। इसमें कुलदीप यादव, दीपांशु, अभिमन्यु करण, आलोक यादव के नाम बताए गए हैं।

घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने रविवार की सुबह पहुंचकर मारपीट में शामिल छात्रों के रूम सील कर दिए हैं। मामले में जांच के बाद मारपीट कर परिसर का माहौल बिगाड़ने वाले छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी।

***डॉ. विवेक जायसवाल, जनसंपर्क अधिकारी, विवि***

***-आरोपियों की तलाश कर रहे हैं***

घायल छात्र की शिकायत पर पांच लोगों पर बलवा, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपी छात्र फरार हो गए हैं, पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

***लखन लाल ऊइके, थाना प्रभारी, सिविल लाइन***

# नौनिहाल बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी के

## वरिष्ठ समाजसेवी अनिल ओझा ने फीता काट कर किया पोलियो बूथ का उद्घाटन

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना - मानवीय संवेदना से जुड़े हुए राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत पोलियो दिवस 23 जून के उपलक्ष्य में परमार्थ सेवा संगठन बीना द्वारा सर्वोदय चौराहा पर पोलियो बूथ गोद लिया गया, पोलियो बूथ के लिए टेंट लगाकर बैठने की व्यवस्था की गई।



पोलियो बूथ का शुभारंभ मुख्य अतिथि, नगर के वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष अनिल ओझा ने फीता काट कर किया, अनिल ओझा ने बताया कि सरकार निरंतर पोलियो के प्रति सतर्कता बनाते हुए बच्चों को दवाई पिलाने का कार्यक्रम निरंतर चला रही है, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लता सकवार ने भी बच्चों को पोलियो की दवा पोलियो बूथ पर आकर पिलाई।

समाजसेवी अभिषेक भदौरिया ने बताया कि परमार्थ की सेवा मित्र निरंतर बीना में समाज सेवा का कार्य करते हैं, अध्यक्ष दादा महेश दत्त तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के अभियान से बच्चे पोलियो से सुरक्षित रहते है, कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष शासन द्वारा संचालित पोलियो अभियान में हम सब लोग बढचढ कर भाग लेते हैं, पोलियो की दवा पीने आए सभी बच्चों को टोपिया बांटी गई, संगठन की ओर से पोलियो अभियान कार्यक्रम के प्रभारी डालचंद पटेल, प्रमोद राय थे, पोलियो की दवा पिलाने में संगठन की ओर से लक्ष्मी अग्रवाल, धर्मेंद्र नामदेव, श्रीमती रितु राजा बुंदेला, श्रीमती गायत्री गुणे, विक्की दुलगज, छुटकल पंथी, छोटू राय, हरपाल राय, अवतार सिंह आरोरा, नरेश बौध्द, पी एन अहिरवार, आर. के. जैन, नवीन साहू, पार्षद गौरी राय, विकास राजपूत एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बबीता सेन, मीना अहिरवार, मोनिका अहिरवार, दीपाली अहिरवार, रुखसाना खान, अफसाना खान के साथ-साथ अनेक लोग उपस्थित थे।

## नाले -नालियों में कचरा- मलवा फेंकने वालों को चिन्हित कर उन पर चालानी कार्यवाही करे- निगमायुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। नाले- नालियों में कचरा, मलवा, पॉलिथीन एवं डिस्पोजल सामग्री फेंकने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर चालानी कार्यवाही की जाए । उक्त आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सोमवार को प्रात: नगर के नाले- नालियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित जोन प्रभारी को दिए।



रविवार को प्रात: निगम आयुक्त ने कटरा वार्ड में साबूलाल मार्केट से पुराने देना बैंक होते हुए अप्सरा अंडर पास तक के नाले का निरीक्षण किया जिसमे उन्होंने पाया कि अभी भी कुछ लोग नालों में कचरा , मलवा फेंक देते हैं जिससे नालों का बहाव अवरूद्ध होता है ,इसलिए उन्होंने नाले, नालियों से ऐसी सामग्री की तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए साथ ही जोन प्रभारी को निर्देशित किया कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कटरा बाजार में महावीर भोजनालय के सामने स्थित नाले की सफाई करने के निर्देश दिए ,इसके अलावा दिनेश स्टोर के सामने से पटैरिया स्वीट्स की ओर जाने वाली नाली को भी तुरंत छोटी जेसीबी मशीन से सफाई कराने के लिए कार्य का निरीक्षण किया, उन्होंने साबूलाल मार्केट से निकलने वाले नाले को देखा और उसमें पड़ी प्लास्टिक सामग्री को तुरंत बाहर निकलने हेतु निर्देशित किया साथ ही साथ पंडित मोतीलाल नेहरू स्कूल के बाजू वाली नाली को भी उन्होंने साफ कर ढंकने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने श्रीरामनगर पहुंचकर पूर्व वर्षों में हुए जल भराव की स्थिति की जानकारी ली और वार्ड वासियों से भी चर्चा की और इस चर्चा के दौरान नागरिकों ने बताया कि पानी निकासी हेतु निजी भूमि मालिक की भूमि से पानी को निकाल दिया जाए तो यह समस्या हल हो सकती है, इसके लिए उन्होंने कॉलोनी वासियों और निजी भूमि मालिक से आपस में बैठकर रास्ता निकालने की अपील की, साथ ही अहमदनगर के पानी की निकासी हेतु वृंदावन बाग की खाली पडी भूमि के बाजू से जाने वाले नाले को पोकलेन मशीन से गहरा कराने के निर्देश भी दिए।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव सीरोठिया भाजपा जिला अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि श्रीमती निर्मला सप्रे विधायक बीना,श्रीमती सोनाली जितेंद्र राय अध्यक्ष जन भागीदारी समिति को आमंत्रित किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती पूजन से अतिथियों द्वारा किया गया तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत प्राचार्य एवं महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा किया गया प्राचार्य चंदा रत्नाकर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया कार्यक्रम प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने जानकारी देते हुए बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रतिभाओं का सम्मान करना तथा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित वर्ष भर की गतिविधियों का पुरस्कार वितरण किया गया । विशेष रूप से छात्राओं में सोनाली अहिरवार, रानी विश्वकर्मा , प्राप्ति गोस्वामी ,नीलम राजपूत, मंतिशा खान ,सोनम राय, नेहा प्रजापति, साक्षी राय ,कृष्णा यादव को सम्मानित किया गया ह्र श्रीमती सोनाली जितेंद्र राय जन भागीदारी अध्यक्ष ने अतिथियों के समक्ष महाविद्यालय के विकास के लिए विशेष मांगों को प्रस्तुत किया उन्होंने महाविद्यालय में ऑडिटोरियम का निर्माण छात्रावास सोलर पैनल आवागमन हेतु बस सुविधा आदि विशिष्ट मांगों को रखा अतिथियों ने विकास के इन कार्यों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया श्रीमती निर्मला सप्रे विधायक ने छात्रों को सतत गतिशील रहने की प्रेरणा दी जिलाध्यक्ष गौरव सीरोठिया ने होनहार प्रतिभावान छात्राओं को लक्ष्य पूर्ण करने के बारे में कहा उन्होंने कहा छात्र जीवन जिम्मेदारी मुक्त जीवन है। अपनी कोशिश में कोई कमी न करें। विशेष करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का करियर निर्माण स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ आपके कैरियर मार्गदर्शन के लिए मील का पत्थर है इस अवसर पर श्री शरद श्रीवास ,राखी समैया, नेहा चौरसिया ,आरती यादव, प्रदीप तिवारी, मनोज अग्रवाल जनभागीदारी सदस्यों की उपस्थिति रही डॉ उमा लवानिया, डॉ निशा जैन,डॉक्टर दिनेश राय , विशाल मिश्रा, डॉ हरिशंकर सेन ,श्रीमती नीता नामदेव, श्री राजीव लोधी ,अरुण उपाध्याय नवीन नामदेव ,डॉक्टर रश्मि द्विवेदी, आरती ठाकुर ,कीर्ति ठाकुर अमरजीत सिंह मथारू ,नीलेश शर्मा जितेंद्र नामदेव, पूजा रजक सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।अंत में सभी का सम्मान शाल श्रीफल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ रश्मि जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# कृषि भूमि से सड़क निकलने के बाद नहीं सुनी जा रही फरियाद

## दो साल से किसान लगा रहा अफसरों के चक्कर



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। जतारा। किसानों की समस्याओं को हल करने भले ही सरकार कई योजनाएं चला रही हो, लेकिन किसानो को छोटी- छोटी बातों को लेकर ही परेशान होना पड़ रहा है। एक किसान ने तो अफसरों के व्यव्हार से दुखी होकर अब आत्मदाह तक की चेतावनी प्रशासन को दी है। सगरवारा गांव के किसान बर्षो से अपनी ही खेती की जमीन का सीमांकन करवाने के लिए परेशान हो रहे है। लिधौरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सगरवारा के किसान कमलकांत त्रिपाठी, वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया की उनकी कृषि योग्य पटेती भूमि खसरा नंबर 539, 541, 404, जिस पर वह सालों से अपनी खेती करते आ रहे हैं। अब इसी खसरा नंबर के उनके एक खेत में लोक निर्माण विभाग द्वारा सगरवारा से ग्राम पंचायत पहाड़ी बुजुर्ग तक एक सड़क का निर्माण किया जा रहा है। वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया की उन्होंने सम्बंधित ठेकेदार से लेकर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार आदि को आवेदन देकर यह गुहार लगाई कि यह उनकी निजी पटेती भूमि है, जिस पर उनके परिजन और वह लगभग 50 बर्षो से अधिक साल से खेती करते आ रहे हैं। अगर शासन एवं अधिकारियों को लगता है कि यह भूमि सरकारी है, तो वह भूमि का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा सीमांकन करवा ले। लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने बताया कि वह दफ्तरों के चक्कर लगाकर परेशान हो गए है, लेकिन उनकी निजी जमींन पर सड़क निर्माण लगातार जारी है। उलटे अधिकारियों द्वारा उनके परिजनों को धमकियां दी जाती हैं। शिकायतकर्ता वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया की वह सीएम मोहन यादव को पत्र लिख चुके हैं। अगर उन्हें न्याय नहीं मिलता है, तो वह तहसील कार्यालय के सामने आत्मदाह करेंगे। उन्होंने जिले के अधिकारियो के साथ ही जतारा विधायक हरिशकर खटीक से गुहार लगाई है कि वह सड़क निर्माण रुकवा कर उक्त भूमि का सीमांकन करवाएं, अन्यथा वह आत्मदाह करने पर मजबूर होंगे।

**बर्जन-**

मेरी जानकारी में पूरा मामला है, किसान के आवेदन पर उक्त भूमि का सीमांकन करवाया जा रहा है। मौके पर कोई विवाद न हो, इसको लेकर पुलिस बल भी उपलब्ध करवाने जतारा थाना प्रभारी को पत्र भेज दिया गया है। सीमांकन के बाद, जिसकी जमीन होगी, उसे सौप दी जाएगी।

***अजय झा, तहसीलदार, लिधौरा***

मैं इस सारे मामले की जानकारी करवाता हूं। विधानसभा क्षेत्र के किसी भी किसान को परेशान नहीं होने दिया जायेगा। किसान के साथ हर हालत में न्याय होगा ।

***हरिशंकर खटीक, विधायक, जतारा***

# पल्स पोलियो अभियान का कैसे हो लक्ष्य पूरा, पर्यविक्षक, अधिकारियों द्वारा नहीं किया निरीक्षण

**-शासन की योजना को पलीता लगाने में जुटे स्वास्थ्य कर्मचारी**

**-बस स्टैंड पर बने पोलियो बूथ पर लगा है पोस्टर, सुबह से नहीं कोई कर्मचारी, बच्चों को नहीं पिलाई गई पोलियो की दवा**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में 23 से 25 जून 2024 तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 0 से 5 बर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है लेकिन यहां दिगौड़ा कस्बा के बस स्टैंड पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिए बूथ सेंटर बनाया गया था, जहां पर कोई भी कर्मचारी दवा पिलाने के लिए मौजूद नहीं था। विदित है कि पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जिले में 0.5 बर्ष के 1, 65, 429 बच्चों को पोलियों दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पल्स पोलियों अभियान के सफल संचालन के लिए जिले मे 1115 बी टाइप बूथ बनाये गये है। इसके साथ ही 62 सी टीम, 10 मोबाइल टीम, 49 ट्रांजिट टीम के माध्यम से 2441 वैक्सीनेटरों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही पर्यवेक्षण कार्य के लिए 133 पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। पल्स पोलियो अभियान के इस लक्ष्य को जिला प्रशासन कैसे पूर्ण कर सकता है, जब बनाए गए बूथों पर बच्चों को दवा पिलाने के लिए कोई भी स्वास्थ्य कर्मचारी बूथ पर मौजूद ही न हो। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र बुंदेला ने बताया है कि पल्स पोलियो अभियान के तहत दिगौड़ा कस्बा के बस स्टैंड वाले बूथ पर सुबह से कोई स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद नहीं है। इन्होंने बताया है कि सुबह ड्यूटी पर आए कर्मचारी पोस्टर लगाकर चले गए और वापिस नहीं आए। यहां के बूथ पर बच्चों को पोलियो की दवा नहीं पिलाई गई। जिला प्रशासन के द्वारा पल्स पोलियो अभियान का लक्ष्य पूर्ण के लिए विशेष तैयारी की गई थी। लक्ष्य को पाने के लिए कई पोलियो बूथ बनाए गएए पर्यवेक्षक भी बनाए गए और वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा था, लेकिन टीकमगढ़- झांसी हाइवे सड़क पर दिगौड़ा कस्बा के बस स्टैंड के पोलियो बूथ पर किसी भी पर्यवेक्षक या किसी अधिकारी के द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया है। यहां पर स्वास्थ्य कर्मचारी केवल पोलियो की दवा पिलाने का पोस्टर लगाकर वहां से चले गए और बच्चों को दवा नहीं पिलाई गई। सोशल मीडिया के ग्रुपों पर जानकारी डलने के कुछ समय बाद मौके पर पल्स पोलियो अभियान में ड्यूटी पर लगाया गया कर्मचारी पहुंच गया। जब ड्यूटी कर्मचारी मोहन चढ़ार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि उनका पेट दर्द होने लगा था और दस्त लगने लगे थे। इसलिए मैं घर पर चला गया था। वहीं यहां पर एक महिला कर्मचारी की भी ड्यूटी थी, जिनकी जानकारी लगाई तो उनकी भी तबीयत खराब थी, इसलिए वह बूथ पर नहीं थीं।



# टीकमगढ़ विधायक की उपस्थिति में महेन्द्र सागर की कर्मचारियों ने की साफ-सफाई, ली शपथ




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जल गंगा संर्वधन अभियान अंतर्गत आज सोमवार को टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगरीय निकाय टीकमगढ़ द्वारा महेन्द्र सागर तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसके तहत महेन्द्र सागर तालाब पर विसर्जन घाट तथा अन्य घाटों पर साफ-सफाई की गई। इस दौरान सभी के द्वारा शपथ ली गई कि तालाबों को साफ-सुथरा रखेंगे। इसके साथ ही दूसरों को भी श्रमदान करने हेतु अपील की गई। इस अवसर पर सीएमओ टीकमगढ़ श्रीमती गीता मांझी, उपयंत्री, सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरकारी चबूतरे पर दबंग बना रहे मकान, अफसरों के आदेशों को किया दरकिनार

## अधिकारियों के निर्देशों के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

परिहार गर्जना न्यूज। बल्देवगढ़। दबंगों के आगे प्रशासन किस कदर चुप्पी साध लेता है। सुविधा शुल्क के आगे पटवारी से लेकर ऊपर तक बैठे लोग किस कदर करवट बदलते हैं, यह नजारा देखना हो तो बल्देवगढ़ जनपद के गांव इमलिया में आसानी से देखा जा सकता है, जहां निर्देशों की धज्जियां उड़ाने वालों के हौसले इस कदर बुलंद हैं, कि स्टे से लेकर अन्य निर्देशों का भी असर नजर नहीं आ रहा है। शिकायतकर्ताओं की मानें तो पटवारी से सांठगांठ कर यहां दबंगों ने सरकारी चबूतरे पर बेंजा कब्जा कर मकान निर्माण करना शुरू कर दिया है। दबंगों के खिलाफ की गई तमाम शिकायतों का भी अब तक असर होता नजर नहीं आ रहा है। अब देखना है कि सारे मामले में चुप्पी साधे पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों पर प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। इस संबन्ध में मिली जानकारी में बताया गया है कि जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत इमलिया में सरकारी चबूतरे पर गांव के ही रहने वाले दबंग भूपेंद्र सिंह उर्फ राजा साहब द्वारा अतिक्रमण कर अपना मकान बनाया जा रहा है। इस अतिक्रमण को रोकने और हटाने के लिए ग्राम के सरपंच, सचिव भी तहसीलदार और पटवारी के चक्कर काट रहा है। बताया गया है कि ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। सरपंच और ग्रामीण का कहना है कि गांव के ही भूपेंद्र सिंह उर्फ राजा साहब द्वारा सरकारी चबूतरे पर कब्जा कर मकान का निर्माण करवा जा रहा है, जिसको लेकर सरपंच और ग्रामीणों ने शिकायती आवेदन दिए हैं। शिकायत पर प्रशासन ने नोटिस जारी कर अतिक्रमण रोकने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन दबंग भूपेंद्र सिंह उर्फ राजा साहब ने अभी तक शासकीय जमीन पर निर्माण कार्य को नहीं हटाया है। पटवारी से मिली भगत कर निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण रामस्वरूप लोधी ने बताया कि दिसंबर 2022 में तहसीलदार द्वारा स्टे आदेश जारी कर पटवारी को काम रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन पटवारी ने उन लोगों से पैसे लेकर सरकारी मकान बनवा दिया गया है।

## यातायात के कर्मचारियों व अधिकारियों की मनमानी के चलते दम तोड़ गई नगर की यातायात व्यवस्था

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों फ्रि से बिना पटरी के चल रही है। इस संबंध में ट्रेफिक विभाग भी कोई खास कार्रवाई करते नहीं दिख रहा है। ट्रेफिक कर्मियों द्वारा यातायात सुधारने के नाम पर चौराहों पर बिना हेलमेट के चालान ही काटकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के नाम वसूली के मामले सामने आ चुके है। जबकि शहर के मुख्य बाजार में बेतरतीब ख? वाहन मुख्य बाजार की संक?ी स?कों पर थ्री व्हीलर पर कोई लगाम नहीं कसी जा रही है। जिससे शहर में बदहाल यातायात व्यवस्था से हर कोई परेशान हो गया है। शहर में वाहन ख? करने को लेकर यह स्थिति है कि वाहन कहीं भी ख?ा कर दो उसे पूछने वाला कोई नहीं है।मार्केट में वाहन प्रवेश का एक नया तरीका सामने आया है।चार पहिया वाहन प्रवेश करने को लेकर वाहन चालक कहते है। यही तो आगे घर है। लेकिन उनका कोई एड्रेस प्रूफ नही लिया जाता है। और न मुख्य मार्ग का उपयोग करने को कहा जाता है लेकिन चार पहिया वाहन को प्रवेश दे दिया जाता है। जिससे व्यवस्था बदहाल और लोग परेशन हो जाते है।मुख्य बाजार में भी जाम की स्तिथि निर्मित हो जाती है। वही नगर के मुख्य मार्गो पर बाजार में वाहन को सड़क पर लगा दिया जाता है। दिन में सड़के सकरी और रात में चौंडी हो जाती हैं। दुकानों के सामने खड़े वाहनो से लोग परेशान हो जाते है।उनका निकलना दूभर हो जाता है। मुख्य नजाई बाजार सराफा बाजार सहित स्टेट बैंक चौराहा से लेकर जवाहर चौराहा एवं कटरा बाजार से लेकर जवाहर चौराहा आदि मुख्य मार्गो पर इस कदर वाहन खड़े रहते हैं। कि लोग निकलने के लिए भी परेशान होते हैं दुकानों के सामने बाहन खड़े कर दिए जाते हैं जहां लोगों का निकलना दूभर हो जाता है। इस दौरान यातायात पुलिस भी नजर नहीं आती है। बाजार के समय में लोग पैदल चलने वाले भी व्यवस्थाओं को कोसते नजर आते है। जब कही बड़ा जाम लगता है।तब यातायात पुलिस उथल पुथल नजर आती है।और इस व्यवस्था में कमी के चलते एंबुलेस भी अस्पताल तक पहुंचे में परेशान हो जाती है। वही बीमार मरीज की जान को भी खतरा पैदा हो जाता है। यातायात व्यवस्थाएं पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। यातायात व्यवस्थाओं की निगरानी करने वाले अदृश्य हो जाते है।

# ग्राम पंचायत मुख्यालय हिनौता में टाईगर तथा बन्दरों से परेशान ग्रामवासी

## क्षेत्र संचालक को ज्ञापन देकर सुरक्षा व्यवस्था कराये जाने की उठाई मांग




ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना टाईगर रिजर्व से लगें हुए ग्राम हिनौता एन एम डी सी के लोग भारी परेशान है। जहां एक ओर पन्ना टाईगर रिजर्व के बाघ गांव के अन्दर ही विचरण करने लगें है, वहीं दूसरी ओर गांव मे बन्दरो का भारी आंतक है, दिये गये ज्ञापन के माध्यम से उल्लेख किया गया कि टाईगर रिजर्व की एक बाघिन कई दिनो से गांव के आस पास घूम रही है तथा पालतू जानवरो, गांय, भैंस, बछडा का शिकार करके जंगल ले जाती है एवं कभी भी लोगो पर भी हमला करने का खतरा मडला रहा है। जिससे ग्रामवासी भारी भयभीत है। इसी प्रकार गांव में बन्दरो का भारी आंतक है, व्याप्क स्तर पर बंदर होने के चलते वह घरो मे घुस जाते है तथा खाने पीने के सामग्री निकालकर ले जाते है, आम लोगो एवं बच्चो के उपर हमला करने का भी खतरा बना हुआ है। कच्चे मकानो के खप्पड आदि पूरे तरीके से फोड दिये गये है तथा घर ग्रहस्थी का समान नष्ट कर रहें है। स्थानीय लोगो ने संबंधित बंदरो को जंगल में छोडने तथा बाघिन से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# कैलाश धाम को बचाने भारत तिब्बत सहयोग मंच की बैठक संपन्न

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/चीन मध्य एशिया पर कब्जा करने की सोच रखता है। उसने 1950 में देवाधिदेव महादेव के धाम कैलाश मानसरोवर जो तिब्बत में स्थित है उस पर कब्जा कर रखा है। उसको बचाने के लिए पन्ना में भारत तिब्बत सहयोग मंच बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संजय खरे को संघ का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसके साथ ही संरक्षक पद पर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मनोज केसरवानी को नियुक्त किया है। जिला मुख्यालय के स्थानीय सर्किट हाउस में रविवार 23 जून को राष्ट्रीय संयोजक इन्द्रेश कुमार के निर्देशन में आयोजित भारत तिब्बत सहयोग मंच की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पूर्व विधायक गिरिराज पोद्दार मुख्य आतिथि के रूप मे उपस्थित रहें। दस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। तथा पन्ना जिले के कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष, मनोज केसरवानी संरक्षक, कैलाश मोदी मार्गदर्शक बनाए गए। इस दौरान प्रमुख रूप से रामेश्वर गुप्ता, राजेंद्र कुशवाहा, राजकुमार वर्मा, विशाल साहू, सोनू दहायत, मनीष गुप्ता, रवि तिवारी, संजय खरे, दिनेश गोस्वामी, संदीप जड़िया, सुन्नु गुप्ता, अंकुर रजक, रामेश्वर, संतोष कुमार रैकवार, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, कैलाश मोदी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।



# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने किया वृक्षा रोपण


पन्ना/डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिले मे अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा अनेक मंडलो तथा बुथो पर वृक्षा रोपण कार्यक्रम किये गये। पन्ना जिला मुख्यालय मे भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, की उर्पिस्थती में वृक्षा रोपण कार्यक्रम छत्रसाल पार्क मे आयोजित किया गया। इस दौरान अनेक वृक्ष रोपित किये गये। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें विधायक प्रतिनिधि विष्णु पान्डेय, आशीष तिवारी, संतोष यादव, रवी पान्डेय, अल्पेश शर्मा, राज कुमार वर्मा, प्रभात साहू, रत्नेश पटैरिया, अवध कुशवाहा, सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

# सहायक यंत्र एवं कृत्रिम अंगों के लिए दिव्यांगों को किया गया चिन्हित

## अजयगढ़ जनपद प्रांगण में मेडिकल बोर्ड एवं एलेंको कंपनी का संयुक्त शिविर संपन्न

स्वप्निल गुप्ता

परिहार गर्जना न्यूज। अजयगढ़–मध्यप्रदेश शासन के निर्देश एवं पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में अजयगढ़ जनपद पंचायत प्रांगण में मेडिकल बोर्ड और एलेंको कंपनी का संयुक्त शिविर संपन्न हुआ जिसमें सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों के लिए दिव्यांगों को चिन्हित किया गया।मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश सिंह नागवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों से 28 दिव्यांगों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों के लिए चिन्हित किया गया है जिनका जिला अस्पताल से आये हुए डॉक्टरों की टीम के द्वारा परीक्षण किया गया।परीक्षण उपरांत एलिंको कंपनी स्के आये हुए डॉ दीपक गुप्ता ने बताया की आज के शिविर में आये हुए दिव्यांगों में कुल 9 लोगो को सहायक उपकरण एवं कृतिम अंगों के लिये चिन्हाकित किया गया है।जिन्हें कंपनी द्वारा शीघ्र ही सभी उपकरण एवं कृत्रिम अंग मंगवाकर अजयगढ़ जनपद पंचायत कार्यालय के प्रांगण में शिविर लगाकर वितरित किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम में डॉ प्राणेश मिश्रा,डॉ सौरभ मिश्रा सहित एलिंको कंपनी के कर्मचारी व जनपद पंचायत के विभिन्न सचिव,रोजगार सहायक व जनपद के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# श्री जुगल किशोर जी मंदिर मे पदस्थ मुसद्दी संतोष तिवारी को हटाये जाने स्थानीय लोगो ने दिया आवेदन

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/आस्था का केन्द्र भगवान जुगल किशोर जी का मंदिर इन दिनो अव्यवस्थाओ के लिए चर्चित है। क्योकि मंदिर की व्यवस्था को लेकर न तो प्रशासन गंभीर है और न ही मंदिर की समिति गंभीर दिखाई दे रही है। जिससे आये दिन अव्यवस्थाए सामने आ रही है। मंदिर मे पदस्थ मुसद्दी संतोष तिवारी भी लापरवाह बनें हुए है। उनके द्वारा कुछ दिन पूर्व एक निजी कंपनी का फ्लैक्स मनमाने ढंग से लगवा दिया गया था। जिससे काफी बखेडा हुआ था। स्थानीय लोगो ने ज्ञापन देकर पन्ना कलेक्टर से उन्हें हटाने तथा व्यवस्था बनाने वाले अन्य व्यक्ति को मुसद्दी बनाने की मांग की है।

# ग्राम पंचायत बीरा के पंचो ने जिला पंचायत के सीईओ को सौपा ज्ञापन

## कार्यवाही करने की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/अजयगढ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीरा के पंचो ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम आवेदन देकर सरपंच, सचिव के खिलाफ मनमानी करने एवं कार्यवाही करने को लेकर ज्ञापन सौपा है। दिये गयें ज्ञापन मे बताया है कि ग्राम पंचायत में अधिकांश कार्य घटिया एवं गुणवत्ताहीन किये गयें है तथा सभी अधुरे है। पंचो से कभी भी सरपंच, सचिव द्वारा कोई भी कार्य कराने के लिए सुझाव नही लिये जाते और न ही ग्राम सभा की बैठक की जाती है। गांव में गंदगी का आलम बना हुआ है। कभी भी पंचायत द्वारा साफ सफाई नही कराई जाती, जबकी साफ सफाई के नाम पर पन्द्रहवे वित्त तथा पंच परमेश्वर योजना से आने वाली राशि सरपंच, सचिव द्वारा फर्जी बिल बाउचर लगाकर हडप लिये जातें है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में मशीनो से कार्य कराये जाते है तथा मजदूरो के फर्जी मस्टर रोल डालकर राशि निकाल ली जाती है। सरपंच पति की मनमानी चल रही है। उन्ही के द्वारा पंचायत का संचालन किया जाता है तथा आवाज उठाने वाले पंच एवं आम लोगो को सरपंच पति एवं उसके भाईयों द्वारा धमकाया जाता है। ग्राम पंचायत के पंचो ने तथा ग्राम वासीयों ने संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही करने एवं ग्राम पंचायत में हुए निर्माण कार्यो की जांच कराये जाने की मांग की है।



# बड़ी श्रद्धा से मनाया गया मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी की पुण्य स्मृति

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा जी के 59वें पुण्य स्मृति दिवस जिसे संस्थान आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मानती है के उपलक्ष्य पर पन्ना सेवाकेंद्र में एक विशेष कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मातेश्वरी जी की शिक्षाओं को याद करते हुए उन्हें सभी भाई-बहनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बीके सीता बहन जी ने मातेश्वरी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें ओम राधे के नाम से भी जाना जाता था, दिव्य गुणों, श्रेष्ठ आचरण एवं मातृत्व स्नेह के कारण सभी उन्हें प्यार से मां कहते थे। ओम राधे ने मात्र 17 वर्ष की आयु में अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय मार्ग में समर्पित कर दिया। विश्व की सर्व आत्माओं के प्रति ममता और करुणा की भावना से पूर्ण मां जगदंबा ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका बनी ऊमातेश्वरी जगदंबा धैर्यता की अवतार थींऊ मातेश्वरी की धैर्यता की देवी थीं। उन्होंने कहा की मातेश्वरी जी कभी जल्दबाजी नहीं करती थीं। मातेश्वरी जी शांति का अवतार थीं। कोई भी उनके सामने आते ही शांत हो जाता था। मातेश्वरी जी अपने से छोटों को भी बहुत सम्मानजनक सूचक शब्दों से संबोधित करती थीं। मां जगदम्बा का जीवन सादगी और सरलता संपन्न था। मातेश्वरी जी की स्मृति मात्र से ही मन भाव विभोर हो जाता है। मातेश्वरी जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हजारों नारियां सृष्टि परिवर्तन के पद पर चल पड़ी और श्वेत वस्त्रधारियों का यह कारवां निरंतर वृद्धि को पाते हुए अपनी मंजिल की ओर गतिमान है। वर्तमान समय में लाखों ब्रह्माकुमारी बहनें मूल्यनिष्ठ समाज की पुनर्स्थापना के लिए निरंतर सक्रियता पूर्वक समाज को एक नई दिशा दे रही हैं। आध्यात्मिक क्षेत्र में नारियों को जो सम्मान प्राप्त हो रहा है वह मातेश्वरी जगदम्बा जी के अज्ञानता के विरुद्ध आध्यात्मिक चेतना के उत्कर्ष का फल है।




# तेजगढ़ और मोहड़ पहुंचकर कलेक्टर श्री कोचर ने ग्रामीणों से हुये रू-ब-रू उनकी बाते व समस्याएं सुनी

## अधिकारियों को दिये गये समुचित दिशा-निर्देश, गांव की प्राचीन धरोहरों को भी देखा







**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 24 जून। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज जिले के तेजगढ़ और मोहड़ ग्राम पहुंचे ग्रामीणों से की चर्चा उनकी बातें की, उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उन्होंने प्राचीन बावड़ी, किले की दीवार, पुरातात्विक महत्व के मढ़े का अवलोकन किया और इनकी साफ-सफाई एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर तेजगढ़ के माली मोहल्ला पहुंचें और प्राचीन बावड़ी की सफाई के निर्देश दिए। यहां ग्रामीणों ने सड़क और पानी की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर श्री कोचर ने समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्री कोचर ने तेजगढ़ के प्राचीन हाथी द्वार का अवलोकन किया और गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन किये। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने प्राचीन किले की दीवार और नीचे जाती हुई सीढ़ियों को देखा साथ ही ग्रामीणों से इसके सौंदर्यीकरण के सुझाव मांगे। तेजगढ़ के ग्रामीणों ने अस्पताल और स्कूल से संबंधित समस्याओं से भी अवगत किया, जिसे कलेक्टर ने ध्यान से सुना और आवश्यक कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसके उपरांत कलेक्टर श्री कोचर ग्राम मोहड़ पहुंचे जहां उन्होंने ऐतिहासिक महत्व की धरोहर प्राचीन मढ़े के भग्नावशेष, नक्काशी और कलाकृतियां देखी और इसके बनावट की प्रशंसा की, साथ ही कहा कि इसके संरक्षण के प्रयास किये जायेंगे। मोहड़ ग्राम में भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुना और इनके निदान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। स्थानीय मंदिर में दर्शन कर ग्रामीणों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की और कहा कि जो भी समस्याएं है, उन्हें अधिकारियों को बताएं जिसके समाधान किया जाएगा।

# ओरछा को वायु मार्ग से जोड़े जाने के विधायक अनिल जैन द्वारा रखे गए प्रस्ताव पर छिड़ी बहस

## कांग्रेस ने बताया इसे नमस्ते ओरछा कार्यक्रम के आयोजन की देन, भाजपा ने बताया इसे डॉ मोहन यादव की सरकार की सौगात

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। ओरछा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा बीते रोज प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों को वायु सेवा मार्ग से जोड़े जाने की योजना बनाई गई जिसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा अपने विधायकों एवं संगठन के पदाधिकारीयो सहित प्रशासनिक अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चर्चा की गई और इसी चर्चा के दौरान निवाड़ी जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में विधायक अनिल जैन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा करते हुए विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक नगर ओरछा को शीघ्र ही वायु सेवा मार्ग से जोड़े जाने का प्रस्ताव रखते हुए कहा था कि 22 जनवरी को प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के ओरछा आगमन पर ओरछा को वायु मार्ग से जोड़े जाने की बात कही गई थी जिसके चलते अब ओरछा को वायु मार्ग की सेवा उपलब्ध कराई जाए जिसके जवाब में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों को वायु सेवा मार्ग से जोड़े जाने की योजना है और अगले चरण में इसमें ओरछा को भी शामिल किया गया है और अब विधायक अनिल जैन के द्वारा ओरछा को वायु मार्ग की सेवा दिलाए जाने के रखे गए प्रस्ताव पर संपूर्ण जिले में बहस छिड़ी हुई है जिसके चलते कांग्रेसी नेता इसको नमस्ते ओरछा के आयोजन की देन बता रहे हैं जबकि भाजपा के नेता इसे प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव की सरकार के द्वारा दी गई सौगात बता रहे हैं हालांकि योजना का स्वागत कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राजनैतिक दलों के नेता कर रहे हैं लेकिन दोनों ही राजनैतिक दलों के नेता इसे अपनी अपनी सरकार की उपलब्धि बता रहे हैं।

***नमस्ते ओरछा के आयोजन में हेलीकॉप्टर सेवा की नींव रखी गई थी- विधायक राठौर***

ओरछा को वायु मार्ग से जोड़े जाने की योजना पर पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कांग्रेस के विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में जब हमारे पूज्य पिताजी मंत्री थे तब नमस्ते ओरछा का आयोजन किया गया था और नमस्ते ओरछा के आयोजन में पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से घुमाने की नींव रखी गई थी और तात्कालीन कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के साथ मिलकर आजादपुरा के समीप हेलीपैड बनाने के लिए भूमी का भी चयन किया गया था लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस की सरकार चली गई और फिर कोविड जैसी महामारी आ गई और अब मैं कहता हूं कि पिछले विधानसभा में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के धार्मिक स्थलों को हवाई मार्ग से जोड़े जाने की बात कही थी और उसमें ओरछा भी शामिल था और नमस्ते ओरछा के आयोजन में जो नीव रखी गई थी यदि उसको आगे बढ़ाया जाता है तो मैं ऐसे प्रस्ताव का स्वागत करता हूं जिससे अपने क्षेत्र एवं बुंदेलखंड क्षेत्र में विकास हो सके और यदि इस योजना को ईमानदारी से अमल में लाया जाता है तो ओरछा में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा लोगों को लाभ होगा और रोजगार भी बढ़ेंगा लेकिन प्रदेश की सरकार ईमानदारी के साथ इस योजना पर कार्य करें केवल राजनैतिक फायदे के लिए क्षेत्र के लोगों को हवाई सपना ना दिखाए।

***भाजपा विधायक केवल अपना नाम कर रहे हैं- पूर्व अध्यक्ष***

ओरछा को हवाई मार्ग से जोड़े जाने की योजना पर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष बलराम यादव ने कहा कि ओरछा को हवाई मार्ग से जोड़ने की घोषणा मुख्यमंत्री की है यहां के भाजपा विधायक तो केवल अपना नाम राजनैतिक फायदे के लिए जोड़ रहे हैं लेकिन इस तरह की योजना पर अमल किया जाता है तो हम इसका स्वागत करते हैं और इस योजना में ओरछा में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी तथा रोजगार भी बढ़ेगा।

***ओरछा को हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना हमारे स्व मंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना थी -राजावत***

ओरछा को हवाई सेवा उपलब्ध कराए जाने के विधायक अनिल जैन द्वारा रखे गए प्रस्ताव पर कांग्रेस सद्भावना प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह राजावत ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि निवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के सम्माननीय विधायक जी केवल घोषणाओं पर विश्वास करते हैं जबकि उनका तीसरा कार्यकाल है और तीसरे कार्यकाल तक में उनकी कोई बड़ी उपलब्धि क्षेत्र में नहीं है और रही बात वायु सेवा प्रारंभ करने की तो यह योजना तो हमारे मंत्री रहे स्वर्गीय बृजेंद्र सिंह राठौर का सपना थी और उन्होंने इस पर अमल भी किया था लेकिन अब भाजपा इसका लाभ लेना चाहती है इसी तरह बेतवा और जमीनी नदी के पुल के निर्माण में भी हमारे मंत्री स्व बृजेंद्र सिंह राठौर का अहम योगदान रहा है लेकिन पुलों के निर्माण का कार्य बीजेपी के शासनकाल में पूर्ण हुआ इसलिए भाजपा के नेताओं ने अपना शिलालेख लगा लिया और यही हाल ओरछा को वायु मार्ग से जोड़े जाने का हो रहा है।

***ओरछा के विकास कार्य बीजेपी सरकार की देंन -अध्यक्ष***

विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक नगरी ओरछा को हवाई मार्ग की सेवा उपलब्ध कराने को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष शिशुपाल राजपूत ने कहा है कि ओरछा में होने वाले सभी विकास कार्य बीजेपी सरकार की देन है केन बेतवा लिंक परियोजना से लेकर बेतवा एवं जामनी नदी पर पुल के निर्माण तथा ओरछा में रामराजा लोक के निर्माण का कार्य बीजेपी सरकार द्वारा कराया गया है और अब भाजपा सरकार के द्वारा ही ओरछा को हवाई मार्ग से जोड़ा जा रहा है जिससे ओरछा में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी तथा रोजगार भी बढ़ेगा।

***पहले ही चरण में ओरछा को हवाई मार्ग की सेवा उपलब्ध कराई जाए -सुमित ओरछा***

विधायक अनिल जैन के द्वारा ओरछा को हवाई मार्ग से जोड़े जाने के रखे गए प्रस्ताव पर खुशी जाहिर करते हुए देश के ख्याति प्राप्त कवि एवं भाजपा के प्रवक्ता सुमित ओरछा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ओरछा मध्य प्रदेश का प्रमुख पर्यटक एवं धार्मिक शहर है इसका विस्तार करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को पहले ही चरण में ओरछा को हवाई मार्ग से जोड़ा जाना चाहिए। बहुत से पर्यटक बड़े-बड़े शहरों से ओरछा भगवान श्री राम राजा सरकार के दर्शन करने आना चाहते हैं लेकिन आवागमन के साधन कम होने के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक ओरछा नहीं पहुंच पाते हैं इसके साथ-साथ ओरछा के पास कोई एयरपोर्ट भी नहीं है इसलिए ओरछा को हवाई मार्ग से पहले ही चरण में जोड़ा जाना अति आवश्यक है और जो लोग ओरछा को हवाई मार्ग से जोड़े जाने की योजना को नमस्ते ओरछा के आयोजन की देन मान रहे हैं मैं उनसे कहना चाहता हूं कि नमस्ते ओरछा का आयोजन करने वाली सरकार की नमस्ते हो चुकी है और सरकार के मुखिया की भी नमस्ते हो चुकी है।

# कलेक्टर श्री प्रसाद का फरमान कर्तव्य अवधि में निजी अस्पतालों में प्रेक्टिस करने पर होगी कार्यवाही

## -बड़वारा में पदस्थ बीएमओ डॉ अनिल झामनानी कलेक्टर के आदेशों को दिखा रहे ठेंगा

## -राजनीतिक पकड़ के सहारे सरकारी बिल्डिंग में खुलेआम कर रहे मरीजों का इलाज

मनोज सिंह

परिहार गर्जना कटनी -कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने सीएमएचओ, सिविल सर्जन और सभी विकास खंडों के बीएमओ को निर्देशित किया है कि सभी शासकीय चिकित्सकों को निजी प्रेक्टिस केवल कर्तव्य की अवधि के बाहर करने की ही अनुमति है। नियमानुसार नर्सिंग होम्स या प्राइवेट क्लीनिक में जाकर इस प्रकार की प्रेक्टिस करने की अनुमति नहीं है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कटनी और जिले के सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सकों को निजी प्रेक्टिस केवल कर्तव्य अवधि के बाहर करने की अनुमति है। नर्सिंग होम्स या प्राईवेट क्लीनिक में जाकर प्रेक्टिस करने की अनुमति नहीं है। इसलिए सभी संबंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चिकित्सक अपने अधीनस्थ सभी शासकीय चिकित्सकों से सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन कराया जाना सुनिश्चित करें और सभी बीएमओ को यह भी निर्देशित किया कि जिन शासकीय डॉक्टरों के द्वारा इन आदेशों और निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो उनके विरूद्ध तत्काल अपने वरिष्ठ कार्यालय सहित इसकी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय को भी देना सुनिश्चित करें ताकि संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके।




***बड़वारा में पदस्थ बीएमओ डॉ अनिल झामनानी सरकारी आवास में रहकर कर रहे मरीजों का इलाज,कलेक्टर के आदेशों को दिखा रहे ठेंगा***

बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में 25 वर्षों से पदस्थ डॉ अनिल झामनानी की बात करें तो उनके अंदाज ही निराले हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है की डॉक्टर अनिल झामनानी को बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र के पीछे बने शासकीय आवास उनके रहने के लिए दिया गया लेकिन डॉक्टर साहब उस आवास पर रहने के उद्देश्य से नहीं बल्कि डॉक्टर साहब उस सरकारी बिल्डिंग का उपयोग प्राइवेट अस्पताल की तरह पर्दा लगाकर दिन-रात नर्सों एवं चपरासियों की मिली भगत से बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में आए हुए मरीजों का इलाज सरकारी बिल्डिंग में बेहिचक कर रहे हैं। और क्षेत्र की जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचना तो दूर की बात है। बड़वारा क्षेत्र की जनता भली भांति जानती है की बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में आए हुए मरीजों को नर्सों और चपरासियों के द्वारा डरा धमकाकर और अच्छे इलाज की सलाह देते हुए शासकीय निवासरत बिल्डिंग में भेज दिया जाता है जहां पर डॉक्टर साहब सुबह से शाम तक निजी इलाज कर अपनी तिजोरी भरने का काम कर रहे हैं। लेकिन यह बात सभी जानते हैं कि चुनाव के पहले विभिन्न विभागों में कई वर्षों से पदस्थ अधिकारियों को इधर-उधर ट्रांसफर करने की प्रक्रिया अपनाई जाती है लेकिन डॉक्टर अनिल झामनानी की पकड़ अमरबेल की शाखाओं की तरह इतनी बड़ी है कि इन्हें हिला पाना संभव नहीं नामुमकिन है।

***बीएमओ डॉ अनिल झामनानी का 25 वर्षों से क्षेत्र में दबदबा,इनके द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों को मिल रहा खुला संरक्षण***

आपको बता दें कि बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बीएमओ डॉक्टर अनिल झामनानी के रहते हुए क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का तांडव बरकरार है उनके रहते बड़वारा क्षेत्र में गांव-गांव गली-गली नौसिखिया बिना डिग्री के झोलाछाप डॉक्टरों ने मकड़ जाल की तरह अपनी जड़े मजबूत कर रखी है। अगर बात करें ग्रामीण क्षेत्रों में फैले झोलाछाप डॉक्टरों की जिनके चलते आए दिन कहीं ना कहीं इनके द्वारा किए गए इलाज से कई गंभीर रूप से लोगों ने अपने परिवार के लोगों को गंवाया है। अब बात करें शिकायतों की जब कभी किसी झोलाछाप डॉक्टर की अधिक शिकायत होती है तो डॉक्टर अनिल झामनानी लोगों को दिखाने के लिए इक्का दुक्का छोटी-मोटी कार्यवाही कर अपनी पीठ थपथपाते हुए पुन: झोलाछाप डॉक्टरों से नजराना लेकर उन्हें आशीर्वाद देते हुए फर्जी दुकान चलाने की सलाह भी स्वयं देते हैं। जानकार और ग्रामीणों का कहना है कि अंगद की तरह पैर जमाए बैठे बीएमओ डॉक्टर अनिल झामनानी को उच्च अधिकारियों के द्वारा जल्द से जल्द बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र से हटाने की प्रक्रिया अपनानी चाहिए और इनके हटाए जाने से क्षेत्र की जनता अपने आप में खुशियां महसूस कर सकेगी जो परम सत्य है।

***बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बीएमओ डॉ अनिल झामनानी का नहीं हो रहा तबादला,संभाग स्तर पर होनी चाहिए जांच***

बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बीएमओ डॉ अनिल झामनानी की बात करें तो साहब लगातार 25 वर्षों से बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं। इनका स्थानांतरण एक बार बरही हुआ लेकिन ऐसा क्या की साहब ने अपनी मजबूत पकड़ के चलते पुन: एक बार फिर बड़वारा ट्रांसफर करा लिया बड़वारा में कुछ ना कुछ-कुछ तो है कि इनका कहीं और जाने का मन नहीं करता फिर एक बार पान उमरिया स्वास्थ्य केंद्र में तबादला किया गया लेकिन बीएमओ साहब की पहुंच और राजनेताओं से गठजोड़ के चलते फिर बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में पुन: वापसी दर्ज कराते हुए बड़वारा में अपनी साख बनाते हुए अपने कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आखिर बड़वारा में ऐसी कौन सी मलाई है जिसे डॉक्टर साहब नहीं छोड़ पा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि कई बार इनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए जो जांच में सिद्ध पाए गए किंतु इनकी पहुंच और पकड़ प्रबल होने के कारण सभी दोष छुपा लिए जाते हैं। नियम अनुसार इनकी जांच संभाग स्तर के अधिकारियों द्वारा करा दी जाए तो निश्चित ही साहब कहां होंगे यह किसी से छुपा नहीं है और साहब खुद भी जानते हैं।अगर इनका बड़वारा से ट्रांसफर कर दिया जाता है तो निश्चित ही बड़वारा की जनता विशेष चैन की सांस लेगी और खुशी महसूस करेगी लेकिन इनका ट्रांसफर होना अपने आप में बहुत बड़ी बात होगी।


## रीठी जनपद ग्राम पंचायत बरियारपुर में पदस्थ रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती भ्रष्टाचार का दूसरा नाम

# नवीन तालाब कार्यो में जेसीबी से कराया निर्माणकार्य,मनरेगा में लगा रहीं फर्जी हाजिरी,बिना काम कराए लगा दिए पत्थरों के फर्जी बिल

**कार्यवाही के नाम पर अधिकारियों के छूट रहा पसीने, मोहतरमा विकास कार्यों में लगा रहीं लाखों का चूना,संभाग आयुक्त करें जांच तभी कारनामों से उठेगा पर्दा**

परिहार गर्जना कटनी - जनपद रीठी ग्राम पंचायत बरियारपुर में पदस्थ रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती गांव में रहते हुए जमकर सुर्खियां बटोर रहीं हैं। शासन के द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती द्वारा नियमों को ताक में रखकर जमकर अनियमितताएं बरती जा रही है। जिसके चलते आए दिन उनकी शिकायतें भी की गई लेकिन मोहतरमा के लिए यह सब कुछ संभव है,आपको स्मरण रहे कि इनके द्वारा उच्च अधिकारियों को उपहार स्वरूप देकर शिकायतों को दबा दिया जाता है। ताकि सरकार की चल रही योजनाओं में उन पर भ्रष्टाचार की मुहर ना लग जाए लेकिन समय रहते उन पर भ्रष्टाचार की मुहर लगना तय हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तहत अकुशल मजदूरों को मनरेगा और नरेगा में रोजगार दिया जाता है लेकिन पैसे की भूख और अपना स्वार्थ सिद्ध करने के चलते रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने में पीछे नहीं है। आखिर शिकायतों के बावजूद उच्च अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही के नाम पर क्यों छूट रहे पसीने यह सोचनें और समझने की बात है।

रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती ने नवीन तालाब कार्यों में मजदूरों की लगाई फर्जी हाजिरी,तालाब में जेसीबी मशीन लगाकर कराया कार्य, पत्थरों के लगाए फर्जी बिल ग्राम पंचायत बरियारपुर में पदस्थ रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती द्वारा नियमों को ताक पर रखते हुए बरियारपुर में नवीन तालाब निर्माण कार्यों में खुलेआम जेसीबी लगाकर नियमों की उड़ाई धज्जियां और मनरेगा में फर्जी लोगों की लगाई हाजिरी जो क्रमश: इस प्रकार हैं। 1-रेनू सुशील जॉब कार्ड संख्या 186 बी,मास्टर क्रमांक 18707 दिनांक 25/11/2024 एवं अन्य 2- महबूब खान पीर खां जॉब कार्ड संख्या 385 ए-मास्टर क्रमांक 20334 दिनांक 24/2/2024 एवं अन्य 3- छाबड़ा पिता बद्री




प्रसाद जॉब कार्ड संख्या 146 मास्टर क्रमांक 17169 दिनांक 3/1/2024 एवं अन्य 4- रमोली पिता प्रेमलाल जॉब कार्ड संख्या 129 बी मास्टर क्रमांक 13010 दिनांक 18/10/2023 एवं अन्य बरियारपुर ग्राम पंचायत रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती ने नियमों को ताक पर रखते हुए निजी स्वार्थ के चलते मनरेगा में अन्य अन्य लोगों की फर्जी हाजिरी लगाकर शासन की राशि का बंदर बांट किया है। आपको बताते चलें की ग्राम पंचायत बरियारपुर में नवीन तालाब निर्माण कार्यों में ग्राम पंचायत रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती द्वारा फर्जी पत्थरों के बिल लगाकर एवं जेसीबी मशीन के माध्यम से नवीन तालाब निर्माण कार्य कराया गया।

***जिला नहीं बल्कि संभागायुक्त करें जांच तब फर्जीवाड़ा की खुलेगी पोल और कारनामों से उठेगा पर्दा,पर्दा उठ गया तो सारे भेद खुल जाएंगे***

ग्राम पंचायत बरियारपुर में रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ मीना चक्रवर्ती को जनता की सेवा के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त किया गया है,और प्रशिक्षण में इनको जनता की सेवा और कार्य कौशल के विषय में दक्ष किया जाता है लेकिन योजना में भ्रष्टाचार की मुहर कार्य करने नहीं देती योजना में अनियमितता को लेकर अलग से कर्मचारियों की नियुक्ति कर ली जाती है ताकि कभी लोकायुक्त मे ना फस सके। मोहतरमा के कार्यकाल की जांच उच्च स्तरीय अधिकारी संभागायुक्त को करनी चाहिए और ई.ओ.डब्ल्यू की जांच होना भी जरूरी है ताकि उनके द्वारा हरामखोरी कर अर्जित की गई संपत्ति से उठेगा पर्दा जब मानदेय सीमित है तो इनके पास कम समय में इतनी संपत्ति आखिर कहां से और कैसे अर्जित की गई जो संदेह के घेरे में है। सरकार की योजनाओं और जनता के पैसे को अपनी जेब में रखकर चंद दिनों के अंदर मोहतरमा क्षेत्र में अमीरों की गिनती में आ गई आखिर कैसे मैडम ने कम मानदेय मिलने के बाद भी कम समय में ग्राम पंचायत बरियारपुर में एक बड़ा आलीशान नवनिर्माण भवन का निर्माण कार्य कराया जो अपने आप में जांच का विषय है।संबंधितों को चाहिए कि इनकी जांच कराई जाए ताकि उनके जो बैंक बैलेंस और अन्य गोपनीय चीजें हैं उनसे पर्दा उठ सके।

# अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

## बाईक चोरी के बाद लोगों की जेबे साफ करने वाली महिला रंगेहाथ पकड़ी गयी



छतरपुर। जिला अस्पताल इन दिनों चोरों का अड्डा बना हुआ है, पिछले कुछ दिनों से लगातार यहां से चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। बाईक चोरी से लेकर लोगों के जेब से पैसे चोरी होने के एक दर्जन से अधिक मामले पिछले एक सप्ताह में सामने आए हैं, जिसके चलते अब जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। सोमवार की दोपहर में जिला अस्पताल के भीतर एक महिला को पकड़ा गया है जिस पर आरोप है कि वह लिफ्ट में मौजूद लोगों की जेब से पैसे चोरी कर रही थी। यह भी बताया गया है कि महिला के कुछ अन्य साथी भी थे, जो भागने में कामयाब हो गए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे जिला अस्पताल में कुछ लोग लिफ्ट से ऊपर के वार्डों में जा रहे थे, तभी एक महिला ने हाथ की सफाई दिखाते हुए लोगों की जेब से पैसे निकाल लिए। लिफ्ट में मौजूद एक व्यक्ति ने महिला के कारनामे को देखा तो शोर मचा दिया और महिला को रंगे हाथों पकड़कर अस्पताल चौकी के हवाले कर दिया गया। महिला को पकड़ने वाले लोगों का कहना था कि अस्पताल में उसके कुछ अन्य साथी भी थे जो कि महिला के पकड़े जाने के बाद यहां से भाग गए हैं। देवपुर निवासी प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि महिला ने उसकी जेब से 3900 रुपए निकाले हैं। वहीं खैरी निवासी रामपाल का कहना था कि उनकी जेब से 900 रुपए चोरी हुए हैं। लोगों का कहना था कि कुछ पैसे पकड़ी गई महिला के पास हैं, जबकि कुछ रकम उसके साथी लेकर भाग गए हैं। महिला के पकड़े जाने के बाद पिछले दो-चार दिनों में चोरी का शिकार हुए लोग भी सामने आए। ग्राम शिवराजपुर निवासी छोटे लाल कुशवाहा ने बताया कि दो दिन पहले रात के वक्त उसकी भाभी के 1300 रुपए चोरी हुए थे। वहीं एक अन्य महिला ने बताया कि तीन दिन पहले उसके वृद्ध दादाजी के जेब से 3 हजार रुपए चोरी हुए थे और पकड़ी गई महिला ने आज उसके पैसे भी चोरी किए हैं। एक अन्य युवक ने भी कुछ दिन पहले जिला अस्पताल में उसके 6000 रुपए चोरी होने की बात कही है। गौरतलब है कि पैसे और वाहन चोरी होने की घटनाएं जिला अस्पताल में आम हो गई हैं। लंबे समय से चोरियों का यह सिलसिला चला आ रहा है लेकिन पुलिस की उदासीनता और जिला अस्पताल की लचर सुरक्षा व्यव्स्था के चलते इन घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है।

# न्यू क्रिमिनल लॉ से अवगत कराने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश

छतरपुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय, अनुभाग, थाना स्तर पर ऑफलाइन एवं ऑनलाइन के माध्यम से न्यू क्रिमिनल लॉ विषय का प्रशिक्षण चल रहा है। पुलिस कार्यप्रणाली में चलित उपकरणों एवं संसाधनों, सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन का भी अपडेशन कार्य निरंतर जारी है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो पुलिस मुख्यालय चंचल शेखर की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के पुलिस अधिकारियों को न्यू क्रिमिनल लॉ, सीसीटीएनएस उपकरण, सॉफ्टवेयर अपडेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो चंचल शेखर द्वारा न्यू क्रिमिनल लॉ विषय पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती प्राजंलि शुक्ला द्वारा सीसीटीएनएस टेक्निकल अपडेशन संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया गया। मीटिंग में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों द्वारा न्यू क्रिमिनल लॉ विषय पर प्रश्नोत्तर किए गए। आपराधिक प्रकरणों से संबंधित पूर्व एवं नवीन धाराओं में तुलनात्मक चर्चा भी की गई। न्यू क्रिमिनल लॉ विषय पर आयोजित प्रदेश स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला छतरपुर से पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी केके गौतम, सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, जिले के समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, विवेचक, जिला अपराध अभिलेख ब्यूरो प्रभारी उपनिरीक्षक ओमशंकर सिंह उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्तों के हमले से वृद्ध बुरी तरह घायल

छतरपुर। नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरावन में एक वृद्ध के ऊपर आवारा कुत्तों द्वारा हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से वृद्ध बुरी तरह जख्मी हुआ है। सर्वप्रथम उसे नौगांव के अस्पताल ले जाया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम मऊसहानियां का रहने वाला 70 वर्षीय बलदेव प्रसाद सैनी किसी काम से ग्राम सिंगरावन गया था, जहां गांव के आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से बलदेव बुरी तरह घायल हो गया था। स्थानीय लोगों ने किसी तरह कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई और घायल अवस्था में उसे नौगांव के अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने बलदेव की गंभीर हालत को ध्यान में रखकर उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है, जहां उसका इलाज जारी है।



# बमीठा पुलिस ने अवैध हथियार सहित दो युवक पकड़े

छतरपुर। बमीठा थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पक शर्मा की टीम ने थाना क्षेत्र में दो युवकों को अवैध हथियार के साथ पकड़ने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी ने बताया कि विगत रात्रि गश्त के कस्बे की सिंचाई कॉलोनी में अवैध हथियार से लैस दो युवकों के होने की जानकारी मिली थी। सूचना मिलने के बाद संबंधित स्थान पर पहुंचकर पुलिस ने दोनों संदेहियों को पकड़कर उनकी तलाशी ली तो उनके पास 351 बोर का कट्टा, 2 नगर कारतूस मिले। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम सोनू अहिरवार उम्र 19 साल निवासी पहाड़ी हीरा जू और अजय अहिरवार उम्र 19 साल निवासी शांति नगर कॉलोनी बमीठा बताए हैं। युवकों के कब्जे से एक बिना नंबर की प्लैटिना बाइक को भी जब्त किया गया है। दोनों के विरुद्ध 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध कायम कर राजनगर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में उपनिरीक्षक मोहन सिंह, प्रधान आरक्षक रामकृपाल शर्मा, आरक्षक नीकेश, उदयवीर, भानू पटेल, कमल सिंह, मनीष चौरसिया, राघवेन्द्र सिह एवं सैनिक ब्रज बिहारी की अहम भूमिका रही।



# आकार एकेडमी का गोरेलाल कुंज के महंत जी ने किया शुभारंभ

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्स्वाहा। संस्कारों के साथ ज्ञान की गंगा बहाने के उद्देश्य से आकार एकेडमी का शुभारंभ किया गया। अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के लिए शुरू किए गए इस विद्यालय का उद्घाटन रसिक संत गोरीलाल कुंज के महंत श्री किशोरदास जी महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर महाराजश्री ने बच्चों को अच्छे संस्कार देकर नया आकार देने का आशीर्वाद दिया। महाराजश्री का बक्स्वाहा में आत्मीय स्वागत किया गया। वे बांके बिहारी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने श्री राधाकृष्ण के दर्शन किए। इसके बाद स्कूल पहुंचकर सरस्वती मां का पूजन कर दीप प्रज्वलित करते हुए विद्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यालय के बच्चों और स्टाफ को आशीर्वाद दिया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिलाने के विशेष प्रयास किए जाएंगे। बच्चों को अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी का भी विशेष ज्ञान दिया जाएगा। विद्यालय का मुख्य लक्ष्य विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को तैयार करना है। आकार एकेडमी ने यह संकल्प लिया है कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों को सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान किए जाएंगे। विद्यालय के प्रबंधन ने कहा कि संस्कार और शिक्षा का समन्वय कर छात्रों को नैतिक और शैक्षिक दृष्टि से सशक्त बनाना उनका उद्देश्य है। आकार एकेडमी के उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक और शिक्षक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। महंत श्री किशोरदास जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का विस्तार नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का विकास भी करती है। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही समाज को सशक्त बना सकती है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आकार एकेडमी में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक शिक्षण विधियों का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही, पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा, योग और शारीरिक शिक्षा को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा, विज्ञान, गणित और कंप्यूटर शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि बच्चे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। विद्यालय ने यह भी घोषणा की कि समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उनकी प्रतिभाओं को निखारना होगा। साथ ही, स्थानीय समुदाय के सहयोग से सामाजिक सेवा गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी, जिससे बच्चों में समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। विद्यालय के प्रबंधक ने कहा, फ्रहमारा लक्ष्य न केवल बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें अच्छे नागरिक बनाना भी है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे न केवल शैक्षणिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टि से भी उत्कृष्ट हों। समारोह के अंत में, बच्चों को मिठाई वितरित की गई और उपस्थित सभी लोगों ने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस शुभारंभ के साथ, आकार एकेडमी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू किया है, जो निश्चित रूप से समाज को सकारात्मक दिशा में अग्रसर करेगा।



**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321